सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन देहरादून 02 अगस्त, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को राजभवन में साइकिलिंग कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्र्स द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड के तीन प्रतिभागियों को रिकॉर्ड दूरी तय करने हेतु राज्यपाल द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में 60 वर्ष से ऊपर की आयु की कैटेगरी में कर्नल अनिल गुरुंग (रि.), कैप्टन गोपाल राणा (रि.) और पुष्पेन्द्र सिंह पंवार ने साइकिल से (देहरादून–लेह–देहरादून) 2022 कि.मी. की दूरी तय करने पर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। युवा इवेंट मैनेजर की कैटेगरी में रवि कुमार ने भी खिताब जीता। इसके अलावा एक अन्य प्रतियोगिता के विजेता 15 प्रतिभागियों को भी राज्यपाल ने मेडल देकर सम्मानित किया।

राज्यपाल ने सभी विजेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा आप सभी के जुनून के कारण यह सभी संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि आप सभी का साइकिल के प्रति लगन सराहनीय है। राज्यपाल ने कहा कि आपने साइकिलिंग के माध्यम से वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है जिसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। राज्यपाल ने कहा कि साइकिल चलाना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। उन्होंने साइकिल में महिलाओं की भागीदारी पर भी प्रसन्नता व्यक्त की।

.................0..............